# BIHAR BOARD QUESTION PAPER

# INTERMEDIATE EXAMINATION - 2019

# इंटरमीडिएट परीक्षा - 2019

## (ANNUAL / वार्षिक)

# ECONOMICS

समय : 3 घंटे 15 मिनट] [पूर्णांक : 100

Biharboardquestionpaper.com

SECTION - A

प्रश्न संख्या 1 से 50 तक के प्रत्येक प्रश्न के साथ चार विकल्प दिये गये हैं, जिनमें से एक सही है। अपने द्वारा चुने गए सही विकल्प को OMR शीट पर चिह्नित करें।

1. इनमें से किसे संसाधन भूमि के अंतर्गत नहीं रख सकते ?

(a) नदी

(b) जंगल

(c) खदान

(d) मशीन

2. राजकोषीय एवं बजट घाटे को कैसे कम किया जा सकता है ?

(a) कर राजस्व में वृद्धि द्वारा

(b) सरकारी व्यय में कटौती करके

(c) सरकार द्वारा अपव्यय रोककर

(d) इनमें सभी

3. सकल घरेलू उत्पाद की गणना में सम्मिलित किया जाता है केवल

(a) अंतिम वस्तुओं को

(b) मध्यवर्ती वस्तुओं को

(c) उपभोग वस्तुओं को

(d) इनमें से कोई नहीं

4. किसी वस्तु की कीमत बढ़ेगी तो उसके स्थानापन्न वस्तु को माँग

(a) बढ़ जायेगी

(b) घट जायेगी

(c) स्थिर रहेगी

(d) इनमें से कोई नहीं

5. उपभोक्ता के इष्टतम बिंदु पर बजट रेखा

(a) x वक्र को काटती है

(b) x वक्र को स्पर्श करती है

(c) x वक्र को स्पर्श नहीं करती

(d) इनमें से कोई नहीं

6. निवल निवेश की परिभाषा है।

(a) कुल निवेश - मूल्य ह्रास

(b) पूँजीगत वस्तुओं के स्टॉक में वृद्धि

(c) कुल निवेश - प्रतिस्थापन निवेश

(d) इनमें सभी

BiharboardQuestionpaper.com

7. यदि माँग एवं पूर्ति वक्र दोनों दायीं ओर समान अनुपात में शिफ्ट करती हैं, तो

(a) वस्तु का मूल्य एवं क्रय की मात्रा में वृद्धि होगी

(b) मूल्य स्थिर रहेगा किंतु क्रय की मात्रा में वृद्धि होगी

(c) मूल्य बढ़ेगा किंतु क्रय की मात्रा स्थिर रहेंगी

(d) इनमें से कोई नहीं

8. यदि अर्थव्यवस्था में सभी लोग अपने बचत की प्रवृत्ति को बड़ा देते हैं, तो अर्थव्यवस्था की कुल बचत में

(a) वृद्धि होगी

(b) स्थिरता रहेगी

(c) कमी आयेगी

(d) केवल (b) एवं (c)

9. एक आयताकार अतिपरवलय लागत वक्र है

(a) औसत स्थिर लागत वक्र

(b) ऐसा वक्र जिसमें कुल लागत स्थिर हो

(c) सीमांत लागत वक्र

(d) (a) एवं (b) दोनों

10. किस परिस्थिति में उत्पादन संभावना वक्र दायीं ओर खिसक जाता है ?

(a) संसाधनों की वृद्धि से

(b) उपभोक्ता की वृद्धि से

(c) तकनीक में सुधार से

(d) केवल (a) एवं (c)

BiharboardQuestionpaper.com

11. एक संतुलित बजट किसे कहते हैं ?

(a) जब व्यय और प्राप्तियाँ बराबर हो

(b) जब व्यय प्राप्तियों से कम हो

(c) जब व्यय प्राप्तियों से अधिक हो

(d) इनमें कोई नहीं

12. किसी फर्म का मूल्यवर्धित होना है

(a) उत्पादन का मूल्य प्रयुक्त मध्यवर्ती वस्तुओं का मूल्य

(b) उत्पादन के किसी चरण में कारकों का निवल योगदान

(c) कर के कारण वस्तु के मूल्य में वृद्धि

(d) केवल (a) एवं (b)

13. कोई पूर्ति चक्र कब दाहिनी ओर शिफ्ट करेगी, जब ?

(a) प्रौद्योगिकीय प्रगति हो

(b) आगतों की कीमतों में कमी हो

(c) प्रति इकाई कर लगाया जाए

(d) केवल (a) एवं (b)

14. निवल अप्रत्यक्ष कर को परिभाषित किया जाता है

(a) अप्रत्यक्ष कर - प्रत्यक्ष कर

(b) अप्रत्यक्ष कर - मूल्यह्रास

(c) अप्रत्यक्ष कर - अनुदान

(d) इनमें से कोई नहीं

BiharboardQuestionpaper.com

15. अल्पकाल में पूर्ण प्रतिस्पर्धी फर्म के लाभ अधिकतमीकरण की शर्त है

(a) सीमांत आय = सीमांत लागत

(b) सीमांत लागत बढ़ रही हो

(c) P $\geq$ औसत परिवर्ती लागत

(d) इनमें सभी

16. अंतिम ऋणदाता किसे कहा गया है ?

(a) व्यावसायिक बैंक को

(b) ग्रामीण क्षेत्र में महाजन को

(c) क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक को

(d) भारतीय रिजर्व बैंक को

17. अर्थव्यवस्था में साख का सृजन कौन करता है ?

(a) सरकार

(b) भारतीय रिजर्व बैंक

(c) व्यावसायिक बैंक

(d) इनमें कोई नहीं

18. यदि बाजार में किसी वस्तु की कीमत घट जाती है तो बजट सेट

(a) बड़ा हो जाता है

(b) छोटा हो जाता है

(c) समान रहता है।

(d) इनमें से कोई नहीं

BiharboardQuestionpaper.com

19. उच्च शक्तिशाली मुद्रा है

(a) करेंसी + रिजर्व

(b) करेंसी + माँग जमा

(c) करेंसी + मियादी जमा

(d) इनमें कोई नहीं

20. समीकरण $M^d = R^{PY}$ यह बतलाता है कि मुद्रा की माँग

(a) धनात्मक रूप से आय पर निर्भर करती है

(b) ऋणात्मक रूप से मूल्य पर निर्भर करती है

(c) धनात्मक रूप से औसत कीमत स्तर पर निर्भर करती है

(d) केवल (a) एवं (c)

BiharboardQuestionpaper.com

21. (कुल उत्पादन $x_1$ इकाईयों पर) - (कुल उत्पादन ($x_1$ - 1) इकाई पर) की परिभाषा है।

(a) कुल उत्पाद की

(b) औसत उत्पाद की

(c) सीमांत उत्पाद की

(d) इनमें से कोई नहीं

22. एक आयताकार अतिपरवलय माँग वक्र के लिए माँग की लोच (e) हर बिंदु पर होती है

(a) e = 0

(b) e = 1

(c) e = ∞

(d) e = स्थिर राशि



23. यदि पूरक वस्तु के मूल्य में कमी आती है तो वस्तु की माँग

(a) बढ़ती है

(b) घटती है

(c) स्थिर रहती है

(d) इनमें से कोई नहीं

24. ($M_1$ + व्यावसायिक बैंकों की निवल आवधिक जमाएँ) परिभाषा है

(a) $M_2$ की

(b) $M_3$ की

(c) समस्त मौद्रिक संसाधन की

(d) केवल (b) एवं (c)

25. कॉब- डगलस उत्पादन फलन $q = x_1^a x_2^B$ में पैमाने का प्रतिफल होता है।

(a) $\alpha - \beta$

(b) $\alpha/\beta$

(c) $\beta/\alpha$

(d) $\alpha + \beta$

26. उत्पादन के संसाधन के रूप में उद्‌यमी का कार्य है

(a) संसाधनों को इकट्‌ठा करना

(b) उत्पादन प्रक्रिया को व्यवस्थित करना

(c) उत्पादन के खतरे को वहन करना

(d) इनमें सभी

BiharboardQuestionpaper.com

27. उत्पादन संभावना वक्र मूल बिंदु की ओर उन्नतोदर होता है चूँकि

(a) सीमांत प्रतिस्थापना दर स्थिर रहती है।

(b) सीमांत प्रतिस्थापना दर ह्रासात्मक होती है।

(c) सीमांत प्रतिस्थापना दर वर्धमान होती है

(d) इनमें से कोई नहीं

28. पूर्ण प्रतिस्पर्धी बाजार में औसत आगम (AR), सीमांत आगम (MR) एवं मूल्य (P) के बीच संबंध है

(a) P > AR > MR

(b) P < AR < MR

(c) (AR = P) > MR

(d) P = AR = MR

29. औसत उत्पाद चक्र की आकृति होती है।

(a) अंग्रेजी अक्षर 'U' की

(b) उल्टे 'U' की

(c) अंग्रेजी अक्षर 'S' की

(d) उल्टे 'S' की

30. सार्वजनिक वस्तुएँ प्रतिस्पर्धी नहीं होती है- इसका अर्थ है कि किसी व्यक्ति के उपभोग करने से

(a) वस्तु की मात्रा में वृद्धि होती है

(b) वस्तु की मात्रा में कमी आती है

(c) वस्तु की मात्रा में कमी नहीं आती है

(d) इनमें कोई नहीं

BiharboardQuestionpaper.com

31. अल्पाधिकार बाजार में

(a) दो से अधिक विक्रेता होते हैं

(b) केवल दो विक्रेता होते हैं

(c) कुछ विक्रेता होते हैं

(d) इनमें सभी

32. कम कीमत पर उपभोक्ता वस्तु की मांग की मात्रा बढ़ा देता है क्योंकि

(a) वस्तु सस्ती हो जाती है

(b) कीमत कम होने पर उपभोक्ता की क्रय शक्ति बढ़ जाती है।

(c) कम कीमत पर उपभोक्ता को मोल भाव नहीं करना पड़ता है

(d) केवल (a) एवं (b)

33. राष्ट्रीय आय गणना में समीकरण $(I - S) + (G - T) \equiv M - X$ मापता में $M - X$ है

(a) आयात व्यय - निर्यात राजस्व की

(b) व्यापार घाटे को

(c) बजटीय घाटे को

(d) केवल (a) एवं (b)

34. यदि माँग वक्र $q^D = 400 - 2p$ हो एवं पूर्ति वक्र $q^S = 100 + P$ हो, तो संतुलन मूल्य एवं माँग होगी

(a) 100; 200

(b) 200; 100

(c) 150; 100

(d) 100; 150

BiharboardQuestionpaper.com

35. यदि वर्तमान कीमत पर सकल घरेलू उत्पाद 2000 रु है जबकि आधार वर्ष में सकल घरेलू उत्पाद 1000 रु० था। इस स्थिति में अपस्फीतिक है

(a) 100%

(b) 150%

(c) 200%

(d) 300%

36. 'सकल उत्पाद का निर्धारण केवल समस्त माँग के स्तर पर निर्भर करता है' इसे कहते हैं

(a) प्रभावी माँग का सिद्धान्त

(b) स्वायत्त व्यय का सिद्धान्त

(c) गुणक का सिद्धान्त

(d) इनमें से कोई नहीं

37. कारक लागत पर निवल राष्ट्रीय उत्पाद को कहते हैं

(a) निजी आय

(b) राष्ट्रीय आय

(c) व्यक्तिगत आय

(d) इनमें कोई नहीं

38. मुद्रा की पूर्ति में सम्मिलित है

(a) मौद्रिक प्राधिकरण द्वारा जारी करेंसी

(b) माँग जमा

(c) अवधि जमा

(d) केवल (a) एवं (b)

BiharboardQuestionpaper.com

39. उपभोग फलन $C = \bar{C} + cY$ में $\bar{C}$ एवं c क्रमशः हैं

(a) स्वायत्त उपभोग एवं सीमांत उपभोग प्रवृत्ति

(b) सीमांत उपभोग प्रवृत्ति एवं स्वायत्त उपभोग

(c) कुल उपभोग एवं औसत उपभोग प्रवृति

(d) इनमें कोई नहीं

40. सट्टा के लिए मुद्रा की माँग असीम होती है, जब

(a) ब्याज की दर न्यूनतम स्तर पर हो

(b) तरलता पाश की स्थिति में हों

(c) ब्याज की दर उच्चतम स्तर पर हो

(d) इनमें केवल (a) एवं (b)

41. सामान्य कीमत स्तर में वृद्धि है।

(a) स्फीति

(b) मुद्रा गुणक

(c) अपस्फीति

(d) इनमें कोई नहीं

42. उत्पादन संभावना वक्र की ढाल

(a) ऋणात्मक होती है

(b) मूल बिंदू की ओर उन्नतोदर होती है।

(c) अवसर लागत को दर्शाती है।

(d) इनमें सभी

BiharboardQuestionpaper.com

43. एक मुद्रा की दूसरे मुद्रा के रूप में कीमत कहलाती है

(a) द्विपक्षीय सांकेतिक विनियम दर

(b) विनियम दर

(c) वास्तविक विनियम दर

(d) केवल (a) एवं (b)

44. मांग के नियम का संबंध है

(a) आय और मांग के बीच

(b) मूल्य और मांग के बीच

(c) मूल्य और आय के बीच

(d) इनमें से कोई नहीं

45. यदि उपभोक्ता की आय में वृद्धि होती है, तो बजट रेखा समानांतर

(a) बायीं ओर खिसक जायेगी

(b) दायीं ओर खिसक जायेगी

(c) नहीं खिसकेगी

(d) इनमें कोई नहीं

46. करेंसी नोट के विषय में कौन-सा कथन सही नहीं है ?

(a) इसे कागजी मुद्रा कहते हैं

(b) इसे वैधानिक पत्र भी कहते हैं

(c) इसका आंतरिक मूल्य नहीं होता

(d) इसका अंकित मूल्य सिक्के से कम होता है।

BiharboardQuestionpaper.com

47. अर्थव्यवस्था के संतुलन की शर्त है

(a) समस्त माँग = समस्त पूर्ति

(b) बचत = निवेश

(c) रिसाव = अन्तःक्षेपण

(d) इनमें सभी

48. एक रैखिक माँग वक्र जिस बिंदु पर मात्रा अक्ष को काटती है वहाँ माँग की लोच (e) होती है

(a) e = 0

(b) e= 1

(c) $e = \infty^{-}$

(d) e < 1

49. मुद्रा विनियम का माध्यम है क्योंकि

(a) यह दूसरी वस्तु के रूप में आसानी से परिवर्तनीय है

(b) इसकी सार्वभौमिक स्वीकार्यता है

(c) मुद्रा संपत्तियों में सबसे तरल है।

(d) इनमें सभी

50. विलासिता वस्तु के मूल्य माँग की लोच (e) होती है

(a) e = 0

(b) $e = \infty$

(c) e = 1

(d) e > 1

BiharboardQuestionpaper.com

## SECTION - B

प्रश्न संख्या 1 से 25 लघु उत्तरीय हैं। किन्हीं 15 प्रश्नों के उत्तर दें प्रत्येक के लिए 2 अंक निर्धारित है। अपना उत्तर 40-50 शब्दों में दें।

1. समष्टि अर्थशास्त्र किस विषय का अध्ययन करता है ?
2. मूल्य घटने पर बजट रेखा किस ओर बढ़ेगी ? चित्र द्वारा दर्शायें।
3. अनाधिमान वक्र परिभाषित करें।
4. चाय की दो पूरक वस्तुओं का उदाहरण दें।
5. उपभोक्ता माँग वक्र कब शिफ्ट करता है ?
6. सीमांत उत्पाद क्या है ?
7. कुल स्थिर लागत वक्र एवं कुल परिवर्ती लागत वक्र चित्रित करें।
8. पूर्ण प्रतिस्पर्धी फर्म के माँग वक्र को चित्र द्वारा दर्शायें।
9. 'पूर्ण प्रतिस्पर्धा में सभी फर्मों द्वारा समरूप वस्तु का उत्पादन होता है' स्पष्ट करें
10. एक पूर्ति वक्र चित्रित करें जिसकी लोच इकाई हो।
11. प्रति इकाई कर लगाने पर फर्म की पूर्ति वक्र किस ओर शिफ्ट करती है ?
12. पूर्ण प्रतिस्पर्धा बाजार में संतुलन की स्थिति को चित्रित करें।
13. किसी कारक का सीमांत उत्पाद मूल्य क्या है ?
14. मध्यवर्ती वस्तुओं के दो उदाहरण दें।
15. मूल्य ह्रास से आप क्या समझते हैं ?
16. सकल घरेलू उत्पाद को परिभाषित करें।
17. राष्ट्रीय आय गणना में निवल निवेश को परिभाषित करें।
18. मुद्रा लेख की इकाई है' समझाइये |
19. आवश्यकताओं के दुहरा संयोग से आप क्या समझते हैं ?
20. अर्थव्यवस्था में स्फीति का क्या अर्थ है ?

BiharboardQuestionpaper.com

21. आय के चक्रीय प्रवाह द्वारा अर्थव्यवस्था के संतुलन को दर्शायें।

22. निर्गत गुणक क्या है ?

23. किसी सरकार के प्रमुख कार्य क्या हैं ?

24. सरकार का बजट क्या है ?

25. खुली अर्थव्यवस्था से आप क्या समझते हैं ?

प्रश्न संख्या 26 से 33 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। इस कोटि के प्रत्येक प्रश्न के लिए 5 अंक निर्धारित हैं। किन्हीं 4 प्रश्नों का उत्तर दें। अपना उत्तर 100-120 शब्दों में दें।

26. सर्वाधिक संतुष्टि के लिए उपभोक्ता वस्तुओं के किस बंडल का चुनाव करता है ? अनधिमान वक्र द्वारा दर्शायें।

27. वर्धमान पैमाने का प्रतिफल क्या है ? समझाइये।

28. एक फर्म के पूर्ति की लोच क्या है ? उदाहरण द्वारा समझाइये।

29. एकाधिकारी के लाभ अधिकतमीकरण की क्या शर्तें हैं ? चित्र द्वारा समझाइये।

30. क्या सकल घरेलू उत्पाद किसी देश के आर्थिक कल्याण का निर्देशांक है ? अपने उत्तर को स्पष्ट करें।

31. भारत में मुद्रा के पूर्ति के वैकल्पिक परिभाषा क्या है ? इनमें से कौन सबसे व्यापक मुद्रा है?

32. प्रभावी माँग क्या है ? इससे देश के आय/ उत्पादन का निर्धारण कैसे होता है ?

33. लचीले विनियम दर व्यवस्था में विनिमय दर का निर्धारण कैसे होता है ?

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...

BiharboardQuestionpaper.com

अभी विजिट करें ..

BiharboardQuestionpaper.com